**Production of Red Sanders**

240. DR. NARREDDY THULASI REDDY: Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state:

(a) the names of the States which are producing Red Sanders;

(b) how much Red Sanders was exported during 1990-91 and 1991-92 and how much revenue was earned;

(c) the names of countries to which it was exported;

(d) who was the exporting agency; and

(e) what measures are proposed to improve the production and export of Red Sanders?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI ARJUN SINGH): (a) Red Sanders grows mainly in Andhra Pradesh and also in Tamil Nadu and Karnataka.

(b) and (c) Information to the extent available is being compiled and will be laid on the Table of the House.

(d) exports were made mainly through private exporters.

(e) The concered States have taken up plantations of Red Sanders.

**दिल्ली में वायु प्रदूषण**

241. **श्री राम गोपाल यादव**: क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि वायु-प्रदूषण की वजह से दिल्ली का पर्यावरण तेजी से बिगड़ता जा रहा है;

(ख) वायु-प्रदूषण किन कारणों से बढ़ रहा है; और

(ग) इसे रोकने के लिए सरकार क्या-क्या उपाय कर रही है?

**मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह**: (क) और (ख) दिल्ली में सल्फर डाइआक्साइड और नाइट्रोजन के आक्साइडों का परिवेशी स्तर बढ़ता जा रहा है, लेकिन यह निर्धारित सीमाओं से काफी नीचे है। दिल्ली में वाहनों की संख्या में हुई तीव्र वृद्धि का दिल्ली में वायु प्रदूषण में सर्वाधिक योगदान है।

(ग) प्रदूषण को रोकने के लिए किये गये उपायों में निम्नलिखित उपाय शामिल हैं:

(1) सड़क पर चलने वाले सभी प्रकार के वाहनों के लिए मोटर वाहन नियमावली, 1989 के तहत ठोस उत्सर्जन मानक अधिसूचित किये गये हैं और ये 1 मार्च, 1990 से लागू हो गये हैं।

(2) मोटर वाहन नियमावली, 1989 के तहत वाहनों के लिए द्रव्य उत्सर्जन मानक निर्धारित किये गये हैं। पैट्रोल से चलने वाले वाहनों के लिए मानक 1 अप्रैल, 1991 से लागू हुए और डीजल से चलने वाले वाहनों के संबंध में ये मानक 1 अप्रैल, 1992 से लागू हो गये है। 1995 से विनिर्मित वाहनों के लिए द्रव्य उत्सर्जन मानकों के संबंध में अधिसूचना का एक प्रारूप जारी किया गया है।

(3) परिवहन निदेशालय, दिल्ली प्रशासन ने वाहनों से होने वाले प्रदूषण, स्वास्थ्य संबंधी खतरों तथा वाहनों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए कार्यविधियों का पालन करने के संबंध में एक जनजागरुकता अभियान प्रारंभ किया है।

(4) सरकार ने बैटरी से चलने वाली बसें चलाने का एक कार्यक्रम शुरू किया है, ताकि वाहनों से होने वाला प्रदूषण कम से कम हो और अधिक यातायात वाले क्षेत्रों में परिवेशी वायु की गुणवत्ता में सुधार किया जा सके।

(5) अधिक प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों को निदेश दिया गया है कि वे मंजूरी संबंधी शर्तों का एक समयबद्ध आधार पर पालन करें। दोषी इकाइयों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। दिल्ली स्थित सभी ताप बिजली संयंत्रों ने इलैक्ट्रोस्टेटिक प्रेसिपिटेटर लगा लिये हैं।

(6) सल्फर की अधिक मात्रा वाले भट्टी के तेल के स्थान पर कम सल्फर हैवी स्टाक की आपूर्ति की जा रही है, जिससे उद्योगों से निकलने वाले सल्फर डाइआक्साइड की

मात्रा कम हो गई है।

(7) दिल्ली प्रशासन को जल अधिनियम की धारा 4(4) के तहत सांविधिक शक्तियां दी गई हैं, और उन्होंने संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली के लिए एक समिति का गठन किया है जिसे प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की सांविधिक शक्तियों के समान सांविधिक शक्तियां प्रदान की गई हैं। ऐसी शक्तियों के विकेन्द्रीकरण और संघ राज्य क्षेत्र में विभिन्न एजेंसियों के बीच निकट समन्वय बनाए रखने के उद्देश्य से किया गया है।

**गंगा सफाई परियोजना से जुड़े हुए स्वयं-सेवी संगठन**

242. **श्री अजीत जोगी:**
**श्री विट्ठलराव माधवराव जाधव:**

क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गंगा सफाई परियोजना से कौन-कौन से स्वयं-सेवी संगठन जुड़े हुए हैं; और

(ख) उक्त संगठन किन-किन राज्यों/शहरों मे कार्यरत है?

**मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह):** (क) और (ख) गंगा स्वच्छता परियोजना से संबद्ध स्वयं-सेवी संगठनों की उनके कार्य-स्थान के साथ एक विवरण संलग्न किया जा रहा है।

**विवरण**

**गंगा स्वच्छता परियोजना से संबंधित स्वयं-सेवी संगठनों का विवरण**

| क्र० सं० | स्वयं सेवी संगठनों के नाम | नगर/शहर | राज्य |
|---|---|---|---|
| 1. | इन्टेक (दिल्ली), 71, लोधी रोड, नई दिल्ली | ऋषिकेश, हरिद्वार, कानपुर, इलाहबाद, वाराणसी, पटना, कलकत्ता | उत्तर प्रदेश/बिहार/ पश्चिम बंगाल |
| 2. | सेंटर फार इन्वार्नमेंटल एजूकेशन, अहमदाबाद, गुजरात | ऋषिकेश, फर्रूखाबाद, पटना, फतेहगढ़, वाराणसी, बैरकपुर | उत्तर प्रदेश/बिहार/ पश्चिम बंगाल |
| 3. | हिमालय वन-जीव संस्थान (उत्तर प्रदेश) | ऋषिकेश, हरिद्वार | उत्तर प्रदेश |
| 4. | सुनील संघ, चन्दनगर (पश्चिम बंगाल) | हुगली | पश्चिम बंगाल |
| 5. | कोन्नागार कल्याण संघ, हुगली (पश्चिम बंगाल) | हुगली | पश्चिम बंगाल |
| 6. | गोरा बाजार बहरामपुर टाउन क्लब (पश्चिम बंगाल) | बहरामपुर | पश्चिम बंगाल |
| 7. | एकेडमी आफ इन्वार्नमेंटल साइसेंस, फर्रूखाबाद (उ०प्र०) | फर्रूखाबाद/ फतेहगढ़/ कान्नौज | उत्तर प्रदेश |
| 8. | एकेडमी आफ इन्वार्नमेंटल साइंसेस, गढ़मुक्तेश्वर (उ०प्र०) | गढ़मुक्तेश्वर | उत्तर प्रदेश |
| 9. | स्पैस्टिक सोसायटी, कलकत्ता (पश्चिम बंगाल) | कलकत्ता | पश्चिम बंगाल |
| 10. | गंगा सेवा शिविर, इलाहबाद, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद (उ०प्र०) | इलाहाबाद | उत्तर प्रदेश |
| 11. | डा० अम्बेडकर मेला सोसायटी, बैरकपुर | बैरकपुर | पश्चिम बंगाल |
| 12. | गांधी मेला, गांधी जन्मोत्सव उद्‌जापन समिति नईहाटी, (पश्चिम बंगाल) | नईहाटी | पश्चिम बंगाल |
| 13. | नेशनल कौंसिल आफ डेवलपमेंट कम्युनिकेशन, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) | वाराणसी | उत्तर प्रदेश |
| 14. | श्री काशी गंगा घाट सुधार समिति, वाराणसी, (उ०प्र०) | वाराणसी | उत्तर प्रदेश |